तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 10 मई 2025

11 रेडक्रास वालेंटियर्स जल संरक्षण, मानव सेवा और सड़क ...



12 नाहंदा समाधान शिविर में 24 पंचायतों के 2928 ...





# आत्मा का परमात्मा से कनेक्शन राजयोग और असीम ऊर्जा का द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में समर कैंप के नवम दिवस पर बी.के. सरिता दीदी ने बच्चों को राजयोग के बारे में बताते हुए कहा कि राजयोग अर्थात संबंध, मिलन, अथवा जोड़ को सरल शब्दों में योग कहते है आत्मा का परमात्मा के साथ कनेक्शन ही राजयोग कहलाता है।

उन्होने कहा राजयोग का ध्यान करने से हमारे अंदर परमात्मा की शक्तियां आती है, हम आत्मा शक्तिशाली बन जाती है और जब ये शक्तियां आती है तो हमारे अंदर पॉजिटीविटी आती है। उन्होंने थॉमस एडिसन एल्वा का उदाहरण देते हुए बताया

**ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का समर कैंप बच्चों के लिए वरदान**



कि एक समय मशहूर वैज्ञानिक को स्कूल ने पढ़ाने से इंकार कर दिया था और उनको कमजोर दिमाग वाला बताया था और कैसे उनकी एक पॉजिटीविटी ने उसको वैज्ञानिक बना दिया। और हजारों बल्ब के अवि"कार किये।

विश्व हिन्दू परिषद से जिला बाल संस्कार केन्द्र प्रमुख व समाज सेविका पूजा जैन ने बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्वयं को कुछ बातो से दोस्ती करनी पड़ेगी उन्होंने कहा समय को महत्व देना पड़ेगा तो समय आपको महत्वपूर्ण बना देगा समय पर सोना है, समय पर जगना है, समय पर स्कूल जाना है। सबसे पहली तो अपनी दिनचर्या बनानी है समय से दोस्ती करनी है हर कार्य समय पर करना है। क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट पूर्णिमा लोधी ने बताया कि हमारे जीवन में कैसी भी परिस्थिति क्यों न आ जाएं लेकिन हम उन परिस्थितियों में अपना पॉजिटिव एटीट्यूट रखते है तो हम जीवन में तनाव से मुक्त रह सकते है। सोशल वर्कर धर्माशु सर ने बच्चों को बताया कि स्किल को बढ़ाना हमारे ऊपर है घर के छोटे–छोटे कामों को जब हम अपने ऊपर लेकर जिम्मेवारी से करते है तो उससे हमारी स्किल बढ़ती है और स्कूल में भी छोटे–छोटे जो काम होते है उन कामों की जिम्मेवारी जब हम पूरी करते है तो हमारी लाइफ में धीरे–धीरे करके स्किल बढ़ती जाती है और जब हमारी स्किल बढ़ती जाएगी तो हमें सफलता बहुत आसानी से प्राप्त हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### 10वीं टापर संध्या साहू का विधायक ने किया सम्मान



**बालोद।** शिक्षा क्षेत्र में बालोद जिला को गौरवान्वित करने वाली हीरापुर की संध्या साहू ने 10 वी बोर्ड में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कर प्रदेश मे तीसरा स्थान प्राप्त करने पर संजारी विधानसभा बालोद विधायक संगीता सिन्हा उनके निवास पहुँच उनके माता पिता एवं परिवार को छाल श्रीफल, भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य दुष्यंत कुमार साहू, महामंत्री रोहित सागर, वैभव साहू उपस्थित थे।

### समितियों में खाद-बीज का वितरण

**लाटाबोड़।** सेवा सहकारी समिति हल्दी पं. क्र.1188 में सहकारिता के तहत किसानों को जानकारी दी गई। सभी किसान समिति में होने वाले में कार्य से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। इन दिनों खरीदी केंद्र में खाद बीज का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान प्राधिकृत अधिकारी हरदेव लाल शर्वा समिति प्रबंधक आशीष कुमार साहू सहायक प्रबंधक लाखेद्र सिन्हा कमल साहू भूपेंद्र देशुमख राधिका सिन्हा सहित कृषक भोजराम साहू आत्मा राम साहू देवधर साहू बाबूलाल सिन्हा सहित अन्य कृषक उपस्थित थे।

**विकास**

**आदिवासी अंचलों में यात्रा, पर्यटन और व्यापार की सम्भावनाएं भी बढ़ेंगी**

# दल्लीराजहरा-बस्तर रेल परियोजना की स्वीकृत विकास का नया द्वार खोलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के भाजपा नेताओं चेतन देशमुख,यशवन्त जैन, राकेश यादव, सौरभ लुनिया आदि लोगों ने कहा कि दल्ली राजहरा रावघाट जगदलपुर रेल लाइन दल्लीराजहरा शहर के लिए लाइफ लाइन बनेगी, उन्होंने बताया कि

- **रेल लाइन दल्लीराजहरा शहर के लिए लाइफ लाइन बनेगी : भाजपा नेता**

भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसका वहन केन्द्रीय बजट से किया जाएगा। यह निर्णय बस्तर अंचल के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है, जिन्होंने बस्तर के दूरस्थ और जनजातीय जिलों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के इस बहुप्रतीक्षित सपने को साकार करने की दिशा में कदम उठाया है।



**दल्लीराजहरा से बस्तर तक होगा कायाकल्प:** दल्लीराजहरा,रावघाट-जगदलपुर रेललाइन से न केवल कोंडागांव और नारायणपुर जैसे पिछड़े जिलों को पहली बार रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा, बल्कि इससे आदिवासी अंचलों में यात्रा, पर्यटन और व्यापार की सम्भावनाएं भी बढ़ेंगी। यह रेल मार्ग बस्तर की सुंदर वादियों, ऐतिहासिक स्थलों और जनजातीय संस्कृति तक पर्यटकों की सीधी पहुँच को संभव बनाएगा, जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

रेल कनेक्टिविटी से खनिज संसाधनों के परिवहन, स्थानीय उत्पादों की पहुँच, और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में व्यापक सुधार होगा। यह क्षेत्रीय उद्योगों और किसानों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने में मदद करेगा।

**भू-अधिग्रहण का कार्य पूर्णता की ओर – कार्य शीघ्र होगा प्रारंभः** प्रस्तावित रेललाइन के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्णता की ओर है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में कोई बाधा नहीं रहेगी। इससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर तय समय ▶▶| शेष पेज 10 पर

# डौंडीलोहारा व दल्लीराजहरा में नेशनल लोक अदालतें आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के जिला न्यायालय, तालुका न्यायालय गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं दल्लीराजहरा सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया जाना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आयोजित की जाएगी।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य, आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन वसूली के मामलें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण, बिजली, जलकर, टेलीफोन बिल, वैवाहिक, परिवारिक मामले. श्रम विवाद एवं राजस्व मामलों का निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यक्ति अपने न्यायालयीन मामले एवं विवाद पूर्व पंजीकृत होने वाले प्री लिटिगेशन मामलों का निराकरण करा सकते है। लोक अदालत में निराकृत होने वाले सिविल मामलों में पूर्व में लगी हुई न्यायालयीन फीस वापस होती है। इस नेशनल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामलाल नवरत्न के द्वारा जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ समस्त बैंक, फायनेंस कंपनी, विद्युत विभाग, एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समय–समय पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक एक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण किये जाने की अपील की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परश्यामलाल नवरत्न ने बताया कि जिस किसी भी पक्षकार का जिला न्यायालय बालोद, व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही, दल्लीराजहरा ▶▶| शेष पेज 10 पर






## खबर संक्षेप

### दुकान में बलात प्रवेश कर लगाई आग, 3 साल की कैद

**भिलाई।** भिलाई-तीन थाना अंतर्गत ग्राम उमदा में दुकान में बलात प्रवेश कर आग लगाने के मामले में आरोपी को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी के न्यायालय से यह आदेश जारी हुआ। प्रकरण के मुताबिक घटना 29 मई 2022 की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थी कमलेश देवांगन की घटना स्थल पर बिजली वायरिंग और हार्डवेयर की दुकान थी। रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। इस बीच आरोपी राजू उर्फ जयलाल सेन (30 वर्ष) ने उसकी दुकान में आग लगा दी। आग से तीन कमरों में रखे सामान जलकर खाक हो गई। पुलिस ने धारा 456 और 436 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायाललय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया। आरोपी को धारा 456 में 3 साल और 5 हजार रुपए, धारा 436 में 3 साल और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही प्रतिकर के रूप में प्रार्थी कमलेश देवांगन को 10 हजार रुपए स्वीकृत किए।

### तीन युवकों से 2 किलो से ज्यादा गांजा जब्त



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलगांव थाना क्षेत्र से रूआबांधा निवासी सागर कण्डरा उर्फ मंग्गा के पास से गांजा रखकर बेचने के लिए घूम रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। आरोपी के पास से 1.60 कि ग्राम बेचने की राशि 5500 रुपए और मोबाइल जब्त किया गया। विवेचना और पूछताछ करने पर सेक्टर 9 अस्पताल सेक्टर निवासी लिंगराज महानंद के पास से 530 ग्राम गांजा नगदी 3 हजार रुपए, मोबाइल और तितुरडीह दुर्ग निवासी अंकुश नायक के पास से 520 ग्राम गांजा नगदी 3 हजार 500 रुपए, मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों से कुल 2.110 किलो ग्राम गांजा व नगदी रकम कुल 44 हजार रुपए, तीन मोबाइल बरामद हुआ।

### चित्रकला में अखिलेश स्वर्ण पदक से सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई के वरिष्ठ चित्रकार अखिलेश कश्यप को मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजा मानसिंह तोमर कला और संगीत विश्विद्यालय के



ललित कला संकाय में स्नातकोत्तर की प्रावीण्य सूची में अखिलेश कश्यप को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चित्रकार वासंती जोशी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। अखिलेश शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में चित्रकला शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें स्वर्ण पदक राजा मानसिंह तोमल कला और संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर के राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में राज्यपाल ने स्वर्ण पदक 122 और शोध उपाधियों से 33 शिष्यो का सम्मान किया।

### मांस बिक्री रहेगी 12 को बंद

**भिलाई।** बुद्व पूर्णिमा 12 मई सोमवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो अर्थदण्ड लगाते हुए जप्ती की कार्यवाही जावेगी।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश की उन्नति में सहायक, रुकेगी पैसों की बर्बादी

## वैशालीनगर कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी का आयोजन इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव आम आदमी एवं राष्ट्र के लिए सहायक सिद्ध होगा। बार-बार चुनाव करने से देश का काफी पैसा एवं समय बर्बाद होता है। इसी प्रकार आदर्श आचार संहिता बार-बार लागू होने से विकास कार्यों की निरन्तरता में बाधा आती है। एक साथ चुनाव कराने से यह बाधा रूक जायेगी। एक राज्य एक चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में सहायक होगा। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यह भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए दीर्घकालिक समाधान हो सकता है। भारत में हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होते हैं। इससे न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है, बल्कि सुरक्षा, प्रशासन और संसाधनों पर भी बोझ पड़ता है। एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्च में भारी कटौती की जा सकती है और इन संसाधनों को देश के विकास में लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रभुनाथ मिश्रा, शंकरलाल देवांगन, वीरेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य अलका मेश्राम, कैलाश शर्मा, सुरेश ठाकुर, अमृतेश शुक्ला, भूमिराज पटेल, महेश अलेंद्र, डॉ चांदनी मरकाम आदि मौजूद थे।




### देश के लिए सबसे गंभीर और विचारणीय विषय

मुख्य वक्ता डॉ. जयराम अय्यर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारे देश के लिए बहुत विचारणीय विषय है। यह विचार पहली बार आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों में लागू था। जब 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। लेकिन बाद में राज्यों के पुनर्गठन और विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण यह व्यवस्था टूट गई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बड़े विजन को लेकर बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भी अपनी बात रखी।

**लापरवाही :** गुमटियों की जांच के लिए बनाई गई थी टीम, अब तक पता नहीं

# गुमटियों में लटक रहे ताले, सड़क किनारे सज रही हैं अवैध दुकानें

## बेरोजगार लगा रहे निगम का चक्कर और दुकानों में रसूखदारों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम द्वारा गुमटियां आबंटन में जमकर लापरवाही की गई हैं। जरूरतमंदो बेरोजगारों को नजरअंदाज कर बांटे गए कई गुमटियों का आज भी ताला नही खुला है। हालात यह है कि, शहर में सडक किनारे फूटपात पर जरूरतमंद दुकान लगाने मजबूर हो गए हैं और यहां रसूखदारों ने गुमटियों में ताला जड दिया है। नगरनिगम द्वारा राजेन्द्र पार्क के पास चौपाटी में दुकान लगाने वाले फूटकर दुकानदारों के लिए गुमटियां बनाई गई थी। यहां दो दर्जन गुमटियां तो तैयार है। लेकिन नगरनिगम ने आज तक इन गुमटियों का आबंटन नही किया गया है। इसके आलावा रविशंकर स्टेडियम के सामने भी पचास से अधिक गुमटियां बनाई गई है। इन गुमटियों का आबंटन तो हो गया है। लेकिन आज भी कई दुकानों में यहां ताला लगा हुआ है। पूर्व में सामान्य सभा की बैठक में अब तक आबंटित गुमटियों की जांच के लिए टीम भी बनाई गई थी। लेकिन टीम ने आबंटन की प्रक्रिया की जाचं को लेकर अब तक रिपोर्ट ही नही सौंपी है।



रविशंकर स्टेडियम के सामने आवंटित दुकान।



राजेंद्र पार्क चौपाटी के सामने दुकानों का नहीं किया गया आवंटन।

### फुटपाथ में नहीं रही दुकानें

शहर में लाखों रूपए खर्च कर नगरनिगम द्वारा गुमटियां बनाई गई है। प्रत्येक गुमटी के लिए एक लाख रूपए खर्च किए गए है। राजेन्द्र पार्क चौपाटी और स्टेडियम के सामने ही साठ से अधिक गुमटियां बनाई गई हैं। वर्तमान में इंदिरा मार्केट के आलावा शनिचरी बाजार, चंडी मंदिर के सामने, नवापारा रोड, गया नगर, रेल्वे स्टेशन रोड में सडक किनारे दुकाने लग रही है। जबकि तैयार गुमटियों में ताला लगा हैं।

### जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

गुमटियों को तैयार करने से लेकर इसके आबंटन की प्रक्रिया में सवाल उठते रहे है। कई बार सामान्य सभा में भी विपक्षीय भाजपा के पार्षदों द्वारा अपात्रों को दुकान आबंटन किए जाने का सवाल भी उठाया था। यहां तक स्पैरों कंपनी को भी दुकान आबंटित किए जाने का आरोप था। निगम ने इस मामले में जांच के लिए कमेटी बनाई थी। जिसमें उपायुक्त मोहेन्द्र साहु, तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित बाजार विभाग के अधिकारी और कुछ इंनीनियर शामिल थे। लेकिन आज तक जांच रिपोर्ट सामने नही आ पाई है।

### शहर के इन इलाकों में गुमटियां

नगरनिगम के रिकार्ड में डेढ सौ से अधिक गुमटियां आबंटित है। जिसमें आईएम चौक 11, लुचकी तालाब चौक 5, मालवीय नगर आरटीओ के सामने 15, तहसील आफिस के सामने 30, एलआईसी आफिस के सामने 26, बाफना मंगलम 4, उतई चौक टैंपो स्टैंड गांधी चौक 53, टप्पा तालाब नयापारा रोड 6, नया बस स्टैंड 1 और धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर में एक शामिल हैं, इस तरह कुल 156 गुमटियां निगम के रिकार्ड में आबंटित होना बताया जा रहा है। जबकि इसमें राजेन्द्र पार्क और स्टेडियम के सामने की दुकानों का कोई रिकार्ड नही हैं। ऐसे में सवाल उठता हैं कि, क्या यहां की गुमटियां नियम के तहत आबंटित किए गए है या नहीं।

### कई वार्ड में गुमटियां हो गईं कबाड़

लाखों रूपए के गुमटियां नगरनिगम द्वारा बांटे गए है। हरिभूमि ने नयापारा रोड में गुमटियों की स्थिति देखी तो यहां कई गुमटियों में जहां आसामाजिक तत्वों का ढेरा पाया गया, वही यहां के गुमटियां कबाड होकर टूट चुकी है। इस तरह निगम ने ऐसे जगह गुमटियों का आबंटन किया हैं, जहां इसका औचित्य ही नहीं हैं।

**हैंडओव्हर नहीं**

नगरनिगम के पीडब्ल्यूडी विभाग से गुमटियां बनाई गई हैं। हमें इसे हैंडओव्हर नही किया गया है। पूर्व में जांच टीम कांग्रेस सत्ता द्वारा बनाई गई थी। जांच रिपोर्ट की जानकारी लेता हूं।

- शेखर चंद्राकर, प्रभारी बाजार विभाग

# न्यायालय परिसर में लगेंगे 12 नए एसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा के अधिवक्ताओं से आज दुर्ग कोर्ट पहुंच कर वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में उनसे चर्चा कर समर्थन मांगा।

दुर्ग जिला न्यायालय पहुंचे श्री सेन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से विकास कार्यों पर विपरित असर होता है। विकास कार्य रुक जाते हैं। देश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। विकास में लगने वाली रकम चुनाव में खर्च होती है। पूरा प्रशासनिक तंत्र चुनाव में व्यस्त हो जाता है। देश के विकास के लिए वन नेशन वन इलेक्शन बहुत जरूरी है। जिला न्यायालय पहुंचने पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीता जैन, महासचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, हरेंद्र उमरे, राकेश दुबे, ओमप्रकाश शर्मा ने विधायक सेन को बताया कि, भीषण गर्मी के चलते कोर्ट पहुंचने वाले लोग और वकील परेशान हैं। अगर यहां 15 एयर कंडीशनर की व्यवस्था हो जाती तो राहत मिलेगी। इस दौरान विधायक निधि से अधिवक्ताओं ने एसी की मांग की। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि, अगर निधि से एसी में देना चाहूंगा तो उसकी प्रक्रिया होने में 2 से 3 महीने लगेंगे तब तक बरसात आ जाएगी। चूंकि प्रकरण तत्काल पहल का है इसलिए विधायक ने कुछ संस्थाओं और समाजसेवियों से फोन पर बात कर जनसहयोग मांगा।

- आरोग्यम अस्पताल में इलाज के लिए 40 प्रतिशत की छूट की रखी मांग

जिसके परिणाम स्वरूप एक घंटे के भीतर न्यायालय परिसर में कुल 12 एयर कंडीशनर पहुंच गए हैं। श्री सेन ने तत्काल इनके इंस्टालेशन की जवाबदारी अधिवक्ता संघ को दी। श्री सेन के इस फौरी एक्शन पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त कर वन नेशन वन इलेक्शन को अपना पूर्ण सहयोग दिया है।

# आरटीई में त्रुटियां, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आरटीई शिक्षा का अधिकार के तहत गरीब बच्चों के हक अधिकार का हनन और शिक्षा व्यवस्था में हो रहा भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर आप के नेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन हैं। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में कई अभिभावकों ने आज जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह (आईएएस) के समक्ष शिक्षा का अधिकार 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया में हुई, गंभीर त्रुटियों और लापरवाही के विरोध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई। पार्टी ने प्रभावित नोडल केंद्रों (वैशाली नगर, कुरूद, कोहका, जुनवानी, सुपेला, मरोदा आदि) में दस्तावेज़ सत्यापन न होने, योग्य आवेदनों को गलत तरीके से ₹अपूर्ण₹ या ₹अस्वीकृत₹ चिह्नित करने, सर्वेक्षण के बावजूद पोर्टल अपडेशन न किए जाने, और 26 अप्रैल को दर्ज शिकायत के बाद



भी कोई कार्रवाई न होने पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। इस दौरान संजीत विश्वकर्मा, देविंदर सिंह भाटिया, गीतेश्वरी बघेल और ज्ञान प्रकाश तिवारी ने जोर देकर कहा कि, शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और प्रशासनिक लापरवाही से किसी बच्चे को वंचित नहीं किया जा रहा है। वंचित बच्चों के पालकों में धर्मेश दमाहे, अनवर, महेश कुमार साहू, नजमा बानो, दिलशाज फातिमा, अजय चंदवानी, शबनम साथ ही आम आदमी पार्टी के नेता संजीत विश्वकर्मा , देविन्दर सिंह भाटिया सहित अन्य शामिल रहे।

# सिविल डिफेंस वॉक मॉक ड्रिल में विधायक चंद्राकर हुए शामिल

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट में आयोजित सिविल डिफेंस वॉक मॉक ड्रिल अभ्यास में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अभ्यास के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर हमले की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए।



सायरन की आवाज सुनकर सतर्कता बरतने, ब्लैक आउट की स्थिति में व्यवहार कैसे किया जाए, जैसी उपयोगी जानकारियां दी गईं।चंद्राकर ने कहा कि ऐसे अभ्यास न केवल हमारी जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि आपदा की घड़ी में आत्मरक्षा एवं जन-सहयोग की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने 4 माह में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर नौ मरीजों को पहुंचाया अस्पताल

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने चार माह में नौ मरीजों को ग्रीन कोरिडोर बनाकर अस्पताल पहुंचाया है। जिससे उनका उचित उपचार हो सके और उनसकी जान बचाई जा सके। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि मरीज उपचार के दौरान स्वास्थ्य सुधार न होने पर एम्बुलेंस के माध्यम भिलाई सेक्टर 9 अस्पताल से रामकृष्ण अस्पताल ग्रीन कोरोडोर बना कर पहुंचाया। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सीनियर अधिकारियों के नेतृत्व में ट्रैफिक के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा



मिलकर ग्रीन कोरिडोर बनाये गया। ग्रीन कोरिडोर व हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से मात्र 40 मिनट में एम्बुलेंस को सेक्टर 9 अस्पताल से मरीज को रायपुर राम कृष्ण अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें हाईवे पेट्रोलिंग 2 के द्वारा पायलेटिंग किया गया। इस साल ट्रैफिक पुलिस ने 4 माह में 9 गंभीर मरीजों को उपचार के लिए ग्रीन कैरिडोर बनाया गया है।

## पेज 9 के शेष

### डौंडीलोहारा व दल्लीराजहरा ...

एवं डौण्डीलोहारा में तथा बालोद जिले के किसी भी राजस्व न्यायालय में मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में अपने मामलों का निराकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा इस प्राधिकरण के अधिकार मित्र के द्वारा भी बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों के हाट बाजारों–चौक चौराहों, बैंक एवं अन्य स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर पाम्पलेट वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

### दल्लीराजहरा-बस्तर रेल परियोजना ...

सीमा में पूर्ण किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में बस्तर के विकास का जो सपना वर्षों से संजोया गया था, वह अब रावघाट जगदलपुर रेल लाइन परियोजना से साकार होता दिख रहा है। दल्लीराजहरा रावघाट-जगदलपुर रेललाइन को मिली स्वीकृति बस्तर की जनता के साथ सरकार की भावनात्मक प्रतिबद्धता और विकास के वादे की पूर्ति का प्रतीक है। यह रेलमार्ग बस्तर के लिए केवल एक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क नहीं, बल्कि एक नई जीवनरेखा है, जो लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यटन के बेहतर अवसरों से जोड़ेगा। इससे दल्लीराजहरा कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर जैसे वे जिले जो तुलनात्मक रूप से आज भी विकास की मुख्य धारा से दूर हैं, अब राष्ट्रीय विकास की धारा से सीधे जुड़ेंगे।

इस रेल परियोजना की नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विकास जब गांव-गांव तक पहुँचेगा, जब युवाओं को रोजगार मिलेगा, और जब जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सुविधाएं सुलभ होंगी—तो हिंसा और भय की जगह उम्मीद और विश्वास का संचार होगा। बस्तर की धरती वर्षों से प्रतीक्षा कर रही थी कि कोई उसे सुने, समझे और उसकी पीड़ा को दूर करे। आज जब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वयं बस्तर की चिंता कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक परियोजना की शुरुआत नहीं, बल्कि एक नए युग का आरंभ है—जिसमें बस्तर का प्रत्येक गांव विकास की पटरी पर दौड़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर अब परिवर्तन के ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है।रावघाट-जगदलपुर रेललाइन को स्वीकृति देकर केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि विकास अब सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बस्तर के वनांचल, घाटियों और जनजातीय अंचलों तक उसकी पहुँच सुनिश्चित की जाएगी। यह परियोजना बस्तरवासियों की वर्षों पुरानी अपेक्षा को साकार करने का निर्णायक कदम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह स्वयं बस्तर के दौरे पर आकर 'बस्तर पण्डुम' जैसे आयोजनों में भाग लेकर यह स्पष्ट कर चुके हैं कि बस्तर में नक्सल नहीं, अब केवल विकास का युग चलेगा। यह रेललाइन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शासन की निर्णायक और सकारात्मक उपस्थिति को और सशक्त बनाएगी। रावघाट-जगदलपुर रेलमार्ग से न केवल कोंडागांव, नारायणपुर और कांकेर जैसे जनजातीय जिलों को रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन, खनिज संसाधनों का दोहन और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना शांति, सुरक्षा और समावेशी विकास के त्रिपक्षीय मंत्र को जमीन पर साकार करेगी। बस्तर की धरती अब हिंसा और उपेक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि उम्मीद, अवसर और उन्नति की भूमि बनेगी।

जब मुख्यमंत्री स्वयं चौपालों में बैठकर ग्रामीणों की बात सुन रहे हैं और प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री बस्तरवासियों के विकास की मूल भावना को समझते हुए कार्य कर रहे हैं—तब यह स्पष्ट है कि बस्तर अब किसी कोने में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास की केंद्रीय भूमिका में है। यह परियोजना न केवल बस्तर में रेल परियोजनाओं के विस्तार का प्रतीक है, बल्कि यह नए भारत में समावेशी विकास की मजबूत मिसाल भी है – जहाँ विकास अब सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि बस्तर जैसे दूरस्थ अंचल के जंगलों और पहाड़ों तक भी पहुँच रही है।

# वैशाली नगर विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा गगनचुंबी नारों से ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत

**भिलाई।** पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों में किए गए हमले के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इस बीच वैशाली नगर क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का स्वागत किया गया। वैशाली



नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है, जिस प्रकार से हमारी माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों ने किया था। रात एक बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर मारा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आज हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व का दिन है। कोई भी ऐसा आतंकी हमला करने की कोशिश करेगा, उसे मुंहतोड़ जवाब देने का यह उदाहरण है। तिरंगा यात्रा देशभक्ति धुन पर शांति नगर, नेहरू नगर, जुनवानी, कोहका, सुपेला, पावर हाऊस, छावनी होते हुए वैशाली नगर पहुंची। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी कर सशस्त्र बल के जवानों और भारतीय सेना पर गर्व जताते हुए देश भक्ति नारे भी लगे।

**खबर संक्षेप**

## चिखलाकसा में आज होगा समाधान शिविर

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालोद विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान जुंगेरा एवं डौण्डी विकासखण्ड के कार्यालय भवन नगर पंचायत चिखलाकसा में 10 मई को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि बालोद विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान जुंगेरा में 10 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा, सांकरा (ज), दरबारी नवागांव, जगन्नाथपुर, घुमका, कोहंगाटोला, तरौद, मनौद, खेरथाडीह, जुंगेरा, भोथली, ओरमा, बघमरा, डेंगरापार, खैरतराई के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह नगर पंचायत चिखलाकसा में कार्यालय भवन नगर पंचायत चिखलाकसा में नगर पंचायत के समस्त वार्डों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**जयंती : रेड क्रास सोसायटी के संस्थापक जॉन हैनरी ड्यूनॉट की जयंती मनाई गई**

# रेडक्रास वालेंटियर्स जल संरक्षण, मानव सेवा और सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को प्रेरित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

रेड क्रास सोसायटी के संस्थापक जॉन हैनरी ड्यूनॉट के जन्मतिथि 8 मई के उपलक्ष्य में रेडक्रास दिवस के रुप में पूरे विश्व में रेडक्रास द्वारा उपलब्ध थीम मानवता के पक्ष में, के अनुसार आयोजन किया जाता है। इसी क्रम मे जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय के पुराना कलेक्ट्रेट नगर पालिका परिषद बालोद ऑडिटोरियम में किया गया।

■ युद्ध, महामारी, प्राकृतिक आपदा एवं मानवीय क्षति में राहत पूर्ति के लिए रेड क्रास की स्थापना 1965 में की



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी दिव्या उमेश मिश्रा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रेड क्रास समिति के चेयर मेन डॉक्टर प्रदीप जैन ने किया। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमेन तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत सरस्वती टेमरिया, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश सोनी, सचिव डॉ एमके सूर्यवंशी, संरक्षक सदस्य राजू पटेल, मंडल अध्यक्ष करहीभदर धर्मेंद्र साहू सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य भुनेश्वरी चंद्राकर भगवती उइके की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रय का प्रारंभ मां सरस्वती एवं रेडक्रास के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना से की गयी, स्कूली बच्चों के द्वारा रेडक्रास व स्वागत गीत हुआ। कार्यक्रम मे रंगोली, चित्रकला, प्राथमिक सहायता नाटक, व सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। स्वागत भाषण में डॉ प्रदीप जैन ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवता की सेवा धर्म स्वास्थ्य एवं शिक्षा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, राज्य चेयरमैन तोमन साहू ने रेडक्रास की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभिन्न आपातकालीन स्थिति जैसे युद्ध, महामारी, प्राकृतिक आपदा आदि के समय होने वाले सामाजिक एवं मानवीय क्षति में राहत पूर्ति हेतु इसकी स्थापना 1965 में हेनरी डू नॉट के द्वारा किया गया था, जिसे जन–जन तक पहुंचाना व प्रत्येक स्कूल व कालेज को रेडक्रॉस से जोड़ने की बात की। जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि के बालोद जिला की भौगोलिक स्थिति के अनुसार जिला का अधिकांश क्षेत्र इस समय जल अभाव का सामना कर रहा है, अतः सभी रेडक्रास वालेंटियर को जल संरक्षण, मानव सेवा व सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित किया जाए एवं जिला के प्रत्येक नागरिक कोइस समस्या के निजात के लिए मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

कार्यक्रम में महाविद्यालयीन व स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रेडक्रास उद्देश्य के तहत रंगोली चित्रकला ग्रीटिंग बनाना व प्राथमिक सहायता संबंधित नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें रेड क्रॉस के उद्देश्यों मानवता की सेवा सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य के आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा कार्डियक अटैक आने पर सीपीआर की जानकारी प्रस्तुत किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के मानव सेवा भावना के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल बालोद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग दर्जन भर लोगों ने रक्तदान किया, जिसके प्रोत्साहन के लिए विभिन्न युवा संगठनों के द्वारा स्थापित रक्तदान समूह, जिसमें भावना फाउंडेशन डौंडी लोहारा, डीबी ग्रुप दल्ली राजहरा, भगत सिंह रक्तदान समूह बालोद, भामाशाह ब्लड डोनेशन समूह डौंडी लोहारा, रक्त वीर ग्रुप लिमोरा, संत निरंकारी चौरिटेबल बालोद, महेश्वरी पंचायत रक्त समूह बालोद, जैन युवा शक्ति बालोद समता युवा मंच बालोद, रक्तदान ग्रुप गुरुर, चन्द्रशेखर आजाद रक्तवीर समुह बालोद को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला रोड रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध समिति के सदस्य दिनेश तापड़िया, शरद ठाकुर, कमला वर्मा, आरएन देशमुख, चंद्रशेखर पवार, जिला दिनेश साहू, मधुमाला कौशल, सीमा जामवंती, संजय बंजारे, रघुनंदन गंगबोईर, बीआर साहू, रीमा सोरी, कदंबिनी यादव, अंचल प्रकाश साहू, शरद ठाकुर, दीनेस्वर साहू, लाले शर्मा, स्वरूप राठी जिला के विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालय नर्सिंग विद्यालय के रेड क्रॉस के विद्याथएँ एवं उनके प्रभारी शिक्षक की उपस्थिति रही।

## किल्लेकोड़ा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा



वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष शत- प्रतिशत रहा, ज्ञात हो कि इस वर्ष कक्षा दसवीं में 38 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिनमें 32 छात्र- छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में तथा छह छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

कु. मीनाक्षी 86.66% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की है, कु.गरिमा 81.83% अंक लेकर द्वितीय स्थान, कु. निशा 79.33 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान ,कुमारी दिव्या 75.5 अंक के साथ चतुर्थ, तथा कुमारी लीना 75%अंक लेकर पंचम स्थान प्राप्त की है ,इस अवसर पर अजय मुखर्जी प्राचार्य ने कहा कि दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम लगातार दूसरे वर्ष पूरे 100% का आना हमारे विद्यालय के लिए एक उपलब्धि है, जो यह दर्शाता है कि शिक्षकों ने कड़ी मेहनत करके छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई करके उनमें उर्जा प्रदान किया है, तभी उन्हें सफलता प्राप्त हुई है, मेरी ओर से उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं तथा समस्त स्टाफ को बहुत बहुत बधाई ।वाय.एस. मरकाम व्याख्याता ने कहा कि हमारे विद्यालय के स्टाफ के सभी विषय विशेषज्ञों द्वारा कड़ी मेहनत करने के परिणाम स्वरुप सभी छात्र-छात्राएं सफल हो सके मेरी और से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं। इस दौरान डॉ. बी. एल. साहसी व्याख्याता ने कहा कि शत प्रतिशत रिजल्ट का आना अपने आप में एक गौरव की बात है, क्योंकि कहा जाता है कि सफलता का पहला रहस्य आत्मविश्वास होता है ,और हमारे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरे होने के कारण उन्हें सफलता मिली। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निर्भय भंडारी, राजाराम ताराम जिला पंचायत सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि , वीरेंद्र कुलहार्य, साथ में सरपंच हेमलता, गैंदलाल तारम पंच, ललिता गांवरे (पूर्व सरपंच) इंद्रजीत सिन्हा, अशोक सिन्हा, अधन सिन्हा,मन्नू लाल विश्वकर्मा, छन्नूलाल भंडारी ,एन.आर. शिवना प्रधान पाठक एवं समस्त, स्टाफ माध्यमिक शाला, श्रीमती अनीता मेश्राम प्रधान पाठक एवं समस्त स्टाफ प्राथमिक शाला, नितिन देशमुख (सीएससी) रावेंद्र मंडावी (सचिव ),तथा समस्त पंचगण एवं विद्यालय स्टाफ में सी. जी पटेल व्याख्याता, जे.पी. बांधव व्याख्याता ,हेमेंद्र साहू व्याख्याता, घनश्याम पटेल व्याख्याता, श्रीमती त्रिजला ठाकुर मैडम, ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर एवं कुशल देवदास आदि ने ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

## ई-कॉमर्स एंड डिजिटल अकाउंटिंग की महत्ता पर सेमिनार में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय,अंडा, दुर्ग में 9 मई को ई-कॉमर्स एंड डिजिटल अकाउंटिंग इन द ऐज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया।

■ कॉमर्स एवं डिजिटल अकाउंटिंग हम सभी के दैनिक जीवन का हिस्सा





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भूपेंद्र कुलदीप (रजिस्ट्रार, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ) मुख्य वक्ता डॉक्टर तापेश चंद्र गुप्ता (प्रिंसिपल / एडिशनल डायरेक्टर गवर्नमेंट जे. योगानंद छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर) सम्मिलित हुऐ, वक्ता सी. ए. राहुल बत्रा (इमीडिएट पास्ट चेयरमैन आई.सी.ए.आई. भिलाई) एवं डॉक्टर सुमित अग्रवाल (असिस्टेंट डायरेक्टर हायर एजुकेशन रीजनल ऑफिस दुर्ग छत्तीसगढ़) सम्मिलित हुऐ।

वर्तमान परिदृश्य में ई-कॉमर्स एवं डिजिटल अकाउंटिंग हम सभी के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है जिसका उपयोग छोटी-मोटी खरीदारी से लेकर बड़े-बड़े बैंक ट्रांजैक्शन तक किया जाता है और ऐ. आई. के उपयोग से इसकी सुगमता तथा व्यापकता और बढ़ती जा रही है। अपनी कार्य दक्षता को बढ़ाने हेतु इसका संतुलित उपयोग एवं साथ में आने वाले दुष्प्रभावों को रोकने हेतु इसकी जानकारी एवं निपुणता आवश्यक होती जा रही है, जिसके अभाव में वर्तमान समय के प्रतियोगी माहौल में सफल होना कठिन जान पड़ता है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय द्वारा इस नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थी शिक्षक एवं रिसर्च स्कॉलर सम्मिलित हुऐ।

### ई बैंकिंग की जानकारी दी

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री भूपेंद्र कुलदीप ने विद्यार्थियों को ए.आई. से होने वाले फायदों के संबंध में जानकारी दी तथा बतलाया की कैसे ए.आई. का प्रयोग कर अपनी रचनात्मकता को निखारा जा सकता है। किस प्रकार ए.आई. लेखन, कंटेंट क्रिएशन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में सहायक हो सकता है। मुख्य वक्ता डॉक्टर तापेश चंद्र गुप्ता ने डिजिटल ट्रांजेक्शन और ई बैंकिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जिसमें उन्होंने डिजिटल ट्रांजेक्शन से होने वाले फायदे तथा डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से होने वाले अपराधों के संबंध में अवगत कराया उन्होंने बड़े विस्तार से डिजिटल ट्रांजेक्शन करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।

सी.ए. राहुल बत्रा जी ने जीएसटी एवं एक्साइज ड्यूटी के साथ-साथ ए . आई. के संबंध में छात्रों को जानकारी प्रदान की उन्होंने बताया की वर्तमान समय में सभी क्षेत्रों में ए.आई.का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, और यह किस प्रकार कार्य को आसानी और दक्षता पूर्ण तरीके से करने में सहायक होता है, कैसे ए .आई. कॉमर्स तथा एकाउंटिंग के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन ला रहा है इसके साथ-साथ उन्होंने कई ए. आई. टूल्स जैसे चैट जी पी टी के संबंध में जानकारी दी जिसका उपयोग कर हम कार्यो को अधिक दक्षता पूर्ण तरीके से संपन्न कर सकते हैं। तत्पश्चात डॉक्टर सुमित अग्रवाल ने वर्तमान समय में ई कॉमर्स के महत्व को समझाया और बतलाया किस प्रकार यह लोगो के खर्च करने की आदतों को प्रभावित करता है और किस प्रकार यह देश की अर्थव्यवस्था और बाजार को आगे बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने विभिन्न ई पोर्टल की जानकारी देते हुए वर्तमान समय को डिजिटल ऐरा बतलाया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को ए. आई. के मध्यम से हो रहे इनोवेशन और स्टार्टअप के बारे में जानकारी प्रदान की। सभी प्रतिभागियों ने इन सभी विषयों पर रुचि दिखाते हुए तन्मयता के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा समय समय पर वक्ताओं से प्रश्न कर अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के समापन पर शैलदेवी महाविद्यालय के डॉयरेक्टर श्री राजन कुमार दुबे ने सभी अतिथियों को मोमेंटो भेंट किया तथा आयोजको को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

**निधन**

## किरणलता शर्मा

**दल्लीराजहरा।** बीएसपी से सेवानिवृत्त व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.के.शर्मा की पत्नी श्रीमती किरणलता शर्मा (80 वर्ष) का बीती रात निधन हो गया। वे बीएसपी कर्मी प्रवीण शर्मा सहेजिया, डॉ. रविंद्र शर्मा व सुनीता शर्मा की माताजी थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गईं हैं। शुक्रवार उनके निवास स्थान वार्ड क्र. 08 इंदिरा कॉलोनी, चिखलाकसा से अंतिमयात्रा चिखलाकसा मुक्तिधाम के निकाली गई। जिसमें सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। अंत्येष्टि पश्चात उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक गजेन्द्र कुमार पिता श्री हेमन्त कुमार, जाति मरार, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम चिल्हाटीकला, पो. भरदा, तह. डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका ज्योति पाटिल आ. श्री मोतीलाल पाटिल, जाति मरार, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कमरौद, पो. चौरेल, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09/06/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

अगामी तिथि 09/06/2025

आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-बालोद (छ.ग.)**

## सविता और निखिल शाला में रहे अव्वल

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अछोली में कक्षा दसवीं का परिणाम 86.95% रहा। जिसमें प्रथम निखिल कुमार (93.66%), द्वितीय प्रशांत कुमार देशमुख (92.16%) रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं का परिणाम 67.54% रहा, जिसमें कला संकाय से प्रथम कु. सविता बेलांदरे (84.33%),द्वितीय कु. नेहा भंडारी (83.78) रहीं। विज्ञान संकाय से प्रथम कु. नाजिया बंजारे(74.2%), द्वितीय कु. चंचल पटेल (73.8%) रहीं। वाणिज्य संकाय से प्रथम कु. रिया यदु (80.6%), द्वितीय कु. प्रिया(80.2%) रहीं। इस प्रकार कक्षा दसवीं में छात्रों का तो वहीं बारहवीं में छात्राओं का दबदबा रहा। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री बर्मन एवं समस्त सदस्यों तथा संस्था के प्राचार्य आर.एल. तारम और शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं। विद्यार्थी परीक्षा में असफल हो गए या अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त किए है। उन्हें निराश ना होते हुए भविष्य में बेहतर परिणाम के लिए लगन और मेहनत से तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया।



## टटेंगा स्कूल के समर कैंप में कलात्मक स्पर्धाओं का आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा




छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के आदेशानुसार शा.उ.मा.वि.टटेंगा जिला बालोद में 1मई से15 मई तक विभिन्न रचनात्मक गतिविधियो में समर कैंप का आयोजन किया गया है। आर. के. देवांगन प्राचार्य शास. उच्च. मा. वि. टटेंगा के नेतृत्व में उच्च कार्यालय के आदेश का पालन करते हुए संस्था में 1 मई से 15 मई तक विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में समर कैंप का आयोजन किया रहा है जिसमें विभिन्न गतिविधियां स्पोकन इंग्लिश, साइंस ट्रिक, गीत, कहानी, कविता, संगीत, नृत्य, लोकगीत, इंटरनेट,कंप्यूटर, मोबाइल के सार्थक उपयोग, ड्राइंग, क्राफ्ट, मेहंदी, रोचक गणित, योगा, एक्सरसाइज, ध्यान, रेड क्रॉस का महत्व एवं उपयोगिता इंडोर गेम खेल गतिविधियां,खेल के नियम, संविधान,नागरिकता, इतिहास संबंधित सामान्य ज्ञान, मानचित्र अध्ययन, मात्राज्ञान, कहानी, लेखन,निबंध आदि गतिविधियाँ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कराया जा रहा है। श्रीमती हर्षा देवांगन व्याख्याता शा. उच्च.मा. वि.टटेंगा द्वारा योगा,एक्सरसाइज,एरोबिक समर कैंप के सातवें दिवस पर कराया गया जिसमें से पांच योग प्राणायाम अनुलोम विलोम, कपालभाति,भस्त्रिका,भ्रामणी, उदगिक प्राणायाम कराया और प्राणायाम करने का तरीका साथ ही साथ उसके होने वाले लाभ से भी अवगत कराया गया। सूर्य नमस्कार एवं सभी प्रकार के आसन और योगाभ्यास कराया गया। डी के मोहन माला प्रधान पाठक शा. पूर्व मा. विद्यालय टटेंगा ने बच्चों को निर्देशित करते हुए कहा कि योगाभ्यास और प्राणायाम हमें नियमित रूप से कम से कम आधे घंटे निकाल कर करना चाहिए जिससे बच्चों को स्वास्थ्य लाभ के साथ पढ़ाई में भी रुचि बढ़ेगी। उपरोक्त समर कैंप में 1 मई से 15 मई तक शाला के समस्त शिक्षक चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन,रेशमी साहू,चंद्रा देवनाथ,हेप शीबा एंथोनी, पवन सिन्हा,अजय पाठक,रीना बोरकर,भागवत साहू,वेद साहू,महेश राऊटे,चंद्र प्रकाश सोनबोइर,अनुराधा गोरे,सुरेंद्र नेताम आदि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही है।




## सेजस विद्यालय दुधली का 10 वीं का 75% व 12वीं का परिणाम 86.74%

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

सेजस विद्यालय दुधली का सत्र 2024-25 का हाईस्कूल तथा हायर सेकेंड्री सर्टिफिकेट परीक्षा का परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किया गया। हाईस्कूल से प्रथम धनिका देशमुख 95.83%, द्वितीय भूपेंद्र कुमार देशमुख 93.8%, तृतीय चंचल यादव 93% रहीं। 10वीं का परीक्षा परिणाम 75% रहा। 12वीं में प्रथम धीरज कुमार 89%, द्वितीय हिमांशु यादव 85.04% , तृतीय चाहत कुमार 83.2% रहे। संकाय वार हायर सेकेंड्री कला में प्रथम चाहत कुमार पटेल 83.2%, द्वितीय कुसुमलता 82% तृतीय चंद्रकांत साहू 79.8% रहे। हायर सेकेंड्री विज्ञान में प्रथम धीरज कुमार 89%, द्वितीय हेमांशु यादव 85.4%, तृतीय संदीप कुमार गोरे व तुषेंद्र कुमार देशमुख 79.8% रहे। हायर सेकेंड्री वाणिज्य में प्रथम विनोद कुमार 83.2%, द्वितीय उषा 82.6%, तृतीय लक्ष्मी ठाकुर 82%रहे। हायर सेकेंड्री में तीनों संकाय मिलाकर परिणाम 86.74% रहा।



### असफलता पर निराश न हों, पुनः मेहनत करें: प्राचार्य

संस्था के प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने कहा कि कोई भी छात्र पूरक या अनुतीर्ण होने पर निराश न हो पुनः अच्छे मेहनत कर पास हो। कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों तथा सभी उत्तीर्ण छात्रों को सफलता प्राप्त करने पर बधाई दिए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव देवांगन एवं समस्त सदस्यगण,परीक्षा प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने छात्रों को शुभकामनाएं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ओरमा के आठ परिवार को राशन कार्ड वितरित

**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरमा में आठ परिवार का राशन कार्ड वितरण किया गया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू, उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंचायत सचिव संतोष साहू एवं पंच डोमार कुंभकार, सगुना बाई साहू फ़ग्नि निषाद, देवनटीन सोनकर, सुदामा साहू उपस्थित रहे। वही चार प्राथमिकता कार्ड जिसमें प्रत्येक कार्ड धारी को 35 किलो राशन मिलेंगे, एक अंत्योदय परिवार जिसको 35 किलो एवं एक एपीएल कार्ड जिसको प्रत्येक महीना 10 रुपया किलो के हिसाब से 35 किलो मिलेंगे। जिसके उपस्थित हितग्राही निर्मला साहू, रोहनी निषाद, रुक्मणी सेन, देवंतीन सोनकर, टुकेश्वरी साहू, हितग्राहियों ने नया राशन कार्ड पाकर खुशी महसूस की।

### बुनकर परिवार की बेटियों की देवांगन करते हैं मदद



**बालोद/निकुम।** बालोद जिले में संचालित श्रीराम जानकी बुनकर समिति भरदा टटेंगा में नियमित रुप 102 बुनकर परिवार कार्यरत है, वही कार्यरत बुनकर परिवारो में समिति प्रबंधक नरेश देवागन ने अभिनव पहल करते हुए बेंटियो के विवाह में सिंदुर शगुन आर्शीवाद स्वरुप 1000 रुपये जाकर सहयोग कर लगातार कर रहे है। समिति प्रबंधक नरेश देवागन ने कहा कि कार्यरत बुनकर परिवार बेटियो के विवाह पर सहयोग करेगें। गौर हो कि अनुराधा, तुलसी व मीनाक्षी को विवाह मंडप जाकर तीनो बेटियों को एक हजार करा राशि देकर पहल किया। वही देश में तीनो सेना जल, थल, वायुसेना के सम्मान में सामूहिक रुप से राष्ट्रगान कर उनके शौर्य को सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सोहन देवागन, उपाध्यक्ष अ"वन देवागन, समिति के सदस्य डमे"वर देवागन, शिव देवागन, गंजानन देवागन, रमशीला, धर्मीन बाई सहित सभी बुनकर सदस्य रहे।

### संग्रहण केंद्र में दी तेंदूपत्ता जमा करने की जानकारी

**ककक ।** ग्राम पंचायत पुसवाड में तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र में तेंदूपत्ता जमा करने आए ग्रामीणों से तुलेश्वर हिचामी जनपद सदस्य ने मुलाकात कर तेंदूपत्ता तोड़ने से लेकर संग्रहण केन्द्र में जमा करने के संबंध में जानकारी ली , फड़ मुंशी से तेंदूपत्ता के संबंध में जानकारी लेते हुए ग्रामीणों को तेंदूपत्ता जमा करने में किसी प्रकार की परेशानी ना होने की बात कही , ग्रामीणों को तेंदूपत्ता का संग्रहण उत्पाद है, जो कई लोगों के लिए आय का स्रोत है। इसके कुछ लाभ हैं:आर्थिक लाभ तेंदू पत्ता संग्रहण से स्थानीय समुदायों को आय मिलती है।तेंदू पत्ता संग्रहण से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं ,तेंदूपत्ता तोड़ने वाले पंजीकृत ग्रामीणों को शासन से मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी दी।

### योजना : मछली जाल, मनरेगा जॉब कार्ड, नया राशन कार्ड आदि का किया गया वितरण

# नाहंदा समाधान शिविर में 24 पंचायतों के 2928 आवेदनों का किया गया निराकरण





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा में समाधान शिविर में नाहंदा कलस्टर में शामिल नाहंदा के अलावा ग्राम महाराजुपर, गिधवा, पिनकापार, मुजगहन, चे.ब. नवागांव, जेवरतला, रानीतराई, भरदा, हरदी, औंरी, टटेंगा, नाहंदा, पीपरखार ना, संबलपुर क, खामतराई, देवरी, खपराभाठ, सुरसुली, कुआगांव, मारएँ, बेहराभाठा, फुलसुन्दरी, रीवागहन सहित कुल 24 ग्राम

- **लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सुशासन तिहार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी**

पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 2928 आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण किया गया।

ग्राम नाहंदा के शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित समाधान शिविर में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख सहित जनपद अध्यक्ष शांति सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर एवं प्रभा नायक, अभिषेक शुक्ला एवं विवेक वैष्णव के अलावा जनपद सदस्य टूमन लाल साहू, ग्राम पंचायत नाहंदा के सरपंच रूपेश कुमार सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

ग्राम नाहंदा में आयोजित समाधान शिविर में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आवेदन करने वाले आवेदकों को मछली जाल, मनरेगा जॉब कार्ड, नया राशन कार्ड के अलावा दिव्यांगों को सहायक उपकरण, श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र भी प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में ग्रामीणों को बी–1 नवीन ऋण पुस्तिका आदि का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वी—ति एवं पूर्णता प्रमाण पत्र, विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र आदि का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा बच्चों को खीर–पुड़ी खिलाकार उनका अन्नप्राशन कराने के साथ गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म पूरा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सुशासन तिहार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिविर में उपस्थित लोगों को जनसंपर्क विभाग के मासिक पत्रिका जनमन का भी वितरण किया गया। चेमन देशमुख ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनता की



#### भारतीय सेना से किया गौरवान्वित

उन्होंने कहा कि हमारे वीर, जाबाज सैनिकों के द्वारा पाकिस्तान में घूसकर आतंकवादियों के ठीकाने को नेस्तानाबूत कर जो उन्हें जवाब दिया गया है। उससे हर भारतवासी हर तरह से गौरवान्वित होकर हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस एवं वीरता पर गर्व है। शांति सोनबरसा ने कहा कि सुशासन तिहार के आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर समयबद्ध तरीके से उनका समुचित निराकरण करने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक ने कहा कि सुशासन तिहार के आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा सुशासन को जनता के द्वार तक लाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है।



वास्तविक जरूरतों के अलावा उनके मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। वह हर –ष्टि से जनहितैषी एवं लोक कल्याणकारी कार्य है। राज्य सरकार के द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं सुशासन के अवधारणा को समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुँचाने का कारगर एवं सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू–कश्मीर राज्य के पहलगाम में आंतकवादियों के द्वारा हमारे देश के निर्दोष नागरिकों का निर्मम हत्या एवं आतंकवादियों के कायराना हरकत के बदले में भारतीय सैनिकों द्वारा अभी हाल में ही किए गए जवाबी कार्रवाई की भूरी–भूरी सराहना की।

जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर ने कहा कि इसके आयोजन से आम जनता को अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु शासकीय कार्यालयों के अलावा जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय तक आवागमन के समस्याओं से भी मुक्ति मिली है। अभिषेक शुक्ला ने राज्य व केन्द्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सरपंच रूपेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा शासकीय हाई स्कूल परिसर नाहंदा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध रोपण भी किया गया।

सुशासन तिहार के अंतर्गत नाहंदा कलस्टर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबंधित कुल 649, खाद्य विभाग के कुल 186, मनरेगा के 261, विद्युत के 205, राजस्व के 361, समाज कल्याण के 133, स्वच्छ भारत मिशन के 177, महिला एवं बाल विकास विभाग के 135, स्वास्थ्य विभाग के 33, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 65, शिक्षा 71, खनिज विभाग के 18, क्रेडा विभाग के 13, जल संसाधन के 16, श्रम विभाग 19, पशुपालन विभाग के 24, मछली पालन 08, परिवहन विभाग के 11, लोक निर्माण विभाग के 32 सहित नाहंदा कलस्टर में प्राप्त कुल 2928 आवेदनों का निराकरण किया गया।



## नपं गुंडरदेही की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही**

नगर पंचायत गुण्डरदेही में परिषद की बैठक शुक्रवार को रखी गई थी, जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने की।

साथ ही इस बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल, सब इंजीनियर रूपेश सिंह राठिया, उमेश ठाकुर, छम्मन साहू, निर्मलकर व सभी 15 वार्ड पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, लोकेश्वरी यादव, रुखसाना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल, रोमलाल यादव उपस्थित हुए। बैठक मे तांदुला नदी गहरीकरण एवं सफाई कार्य कराए जाने बाबत विचार एवं निर्णय, जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त पत्रें पर विचार एवं निर्णय, नगर पंचायत गुण्डरदेही में विभिन्न प्रमाण पत्र आवेदन तथा सामुदायिक भवनों के किराया एवं भवनों में संपत्ति कर शुल्क निर्धारण के संबंध में विचार एवं निर्णय, बजट वर्ष 2024 – 25 का पुनरीक्षित एवं वर्ष 2025 – 26 का अनुमानित आए हुए बजट का अनुमोदन किया गया।

जिसमें अनुमानित आय 9 करोड़ 25 लाख 55 हजार रुपए का बजट वर्ष 2025–26 के लिए रखा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3 गुना आय का लक्ष्य रखा गया है।

## बेल्हारी की हेमलता, ऐश्वर्या व भावना ने 10वीं में बाजीमारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांवआर**



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेल्हारी 10 वी की छात्र हेमलता 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया। ऐश्वर्या 90.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, भावना 86.8 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम कक्षा दसवीं में धनंजय कुमार साहू शाला नायक ने 84.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान प्राप्त किया, निधिमा ने 79 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, निकिता 74.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों में हिंदी माध्यम 10वी दुर्गेश्वरी 82 प्रतिशत, ज्योति 80 प्रतिशत पायल, 74.2 प्रतिशत खिलेश्वरी, 72.5 प्रतिशत, नम्रता 70 प्रतिशत, देवेश कुमार 71 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में आरती 81.4 प्रतिशत प्रथम स्थान, लोकेश्वरी 77.02 प्रतिशत द्वितीय स्थान, वर्षा 74.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, दिव्या 74 प्रतिशत, खुशान 73.8 प्रतिशत, भूपेंद्र कुमार 73.4 प्रतिशत, रोशन 72.4 प्रतिशत, राहुल 72.8 प्रतिशत, सोनिया 71.3 प्रतिशत, हेम कुमार 71.2 प्रतिशत, जागृति 71.2 प्रतिशत, धारना 71.8 प्रतिशत, वर्षा 70.8 प्रतिशत, कोमेश 70.4 प्रतिशत प्राप्त किया। विद्यालय के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 61 प्रतिशत रहा एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा। विद्यालय प्राचार्य वाईके साहू स्टाफ तथा अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति मनीष चंद्राकर एवं सदस्यों विद्यार्थियों को बधाई दिए।

## 12वीं की टॉपर ग्रेसी साहू का जनपद अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा**



आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम कुसुमकसा में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा की 12 वीं की छात्रा कुमारी ग्रेसी साहू ने 95.80% लेकर छत्तीसगढ़ बोर्ड की हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में टॉप 10 में अपना स्थान बनाकर कुसुमकसा सहित बालोद जिला का नाम रौशन करने पर शुक्रवार को उसके निवास में बधाई देने वालो का तांता लगा रहा , मुकेश कोडो अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी,भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी,जनपद सदस्यगण तुलेश्वर हिचामी,साधना सोरी ,आशा आर्य शुक्रवार को ग्रेसी साहू के घर पहुंचकर गुलदस्ता व मोमोंटो भेंटकर व मिठाई खिलाकर टॉप टेन में उत्तीर्ण होने पर बधाई देते हुए उसके कलेक्टर बनने के लक्ष्य को पूर्ण होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

**जीत-हार पुस्तक की भेंट :** क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने छात्रा ग्रेसी साहू को "जीत-हार, रहो तैयार" पुस्तक एवं साल भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर ग्रेसी के परिजन, शिवराम सिद्रामे (पूर्व सरपंच कुसुमकसा),नवीन सलाम, किरण यादव,संपूर्ण दास, गीतेश, देवेंद्र कुमार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे नीलिमा श्याम ने कहा कि ग्रेसी जैसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है और ऐसे उदाहरण युवाओं को प्रेरित करते हैं और आगे बढ़ाने की हौसला देते हैं। आर एल ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग ने छात्रा ग्रेसी साहू को उसके निवास पहुंचकर उत्कृष्ट अंको से टॉप टेन में स्थान बनाने पर बधाई देते हुए उससे चर्चा की, डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला विकास समिति ने कहा कि छात्रा ग्रेसी साहू बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है , कक्षा अरुण से कक्षा आठवीं तक सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाई की उसके बाद कक्षा नवमी से बारहवीं तक स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा में शिक्षा ग्रहण की ,शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं का समुचित मार्गदर्शन ग्रेसी साहू को मिला साथ ही उसके माता पिता ने भी पूरा सहयोग किया जिससे वह कड़ी मेहनत कर टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर माता पिता , शाला ,ग्राम व बालोद जिला का नाम रोशन किया है ,ग्रेसी साहू को बधाई देते हुए कलेक्टर बनकर देश की सेवा करने की उसके लक्ष्य को प्राप्त करने की कामना की साथ ही शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी बधाई दी इस अवसर पर एस.स्वामी सहायक संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग ,पी सी मसकले जिला शिक्षा अधिकारी बालोद ,जयसिंह भारद्वाज विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी,योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा,संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य,संतोष जैन ,कमल कृष्णकांत साहू , श्रीमती सुनीता यादव प्राचार्य सेजस ,श्रीमती मर्सी जॉर्ज ,सुश्री गीता गुप्ता , श्रीमती सावित्री स्वर्णकार ,मांडवी मिश्रा, भारत लाल नायक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## बलोदी स्कूल में 10वीं के 81.33 व 12वीं के 96.77 प्रतिशत विद्यार्थियों परीक्षा पास की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 3 मई को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी के कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 81.33% तथा कक्षा 12 वीं का 96.77% रहा कक्षा 10 वीं कुल 75 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए।

जिसमें 61 छात्र उत्तीर्ण हुए 30 छात्र प्रथम 29 छात्र द्वितीय एवं 2 छात्र तृतीय उत्तीर्ण हुए 8 छात्र पूरक तथा 6 छात्र अनुत्तीर्ण रहे जिसमें कु हर्षा साहू पिता चन्द्रहास साहू 89% के साथ शाला में प्रथम सौम्य साहू पिता नोहर साहू 87.16% के साथ द्वितीय कु कसीस तोषण लाल 85.83% के साथ तृतीय स्थान पर रही इसी प्रकार कक्षा 12 वीं कुल 62 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए जिसमें 60 छात्र उत्तीर्ण हुए 30 छात्र प्रथम श्रेणी तथा 30 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण 2 छात्र पूरक के पात्र रहे फनीश कुमार भागवत देवांगन (वाणिज्य संकाय } 91.4% के साथ शाला में प्रथम स्थान पर रहे डोमेन्द्र कुमार पिता ओमप्रकाश (गणितसंकाय} 86.6% के साथ द्वितीय तथा रूपचंद पिता विष्णु प्रसाद(गणितसंकाय) 80.6% के साथ तृतीय स्थान पर रहे शाला के गणित संकाय का परीक्षा परिणाम 100% रहा जिसमें डोमेन्द्र कुमार 86.6% के साथ प्रथम रूपचंद 80.6% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे जीविज्ञानं का परीक्षा परिणाम 100% रहा जिसमें कु राजेश्वरी 80% के साथ प्रथम तथा कु सानिया 78.4% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 100% रहा जिसमें फनीश कुमार 91.4% के साथ प्रथम तथा जितेश कुमार 72.6% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कला संकाय का परीक्षा परिणाम 92.85% रहा जिसमें देवव्रत 63.8% के साथ प्रथम तथा संजीवदास 62.4% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे इस अवसर शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू कु ज्योति सोनी प्रीति गणवीर प्रीति मंडावी बी लहरे गीता वर्मा प्रज्ञा तिवारी कैलाश कुमार साहू विज्ञान सहायक ईश्वरी साहू प्रीति साहू द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

उपरोक्त जानकारी शाला के परीक्षा प्रभारी व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने दी।

### शॉर्ट सर्किट होने से मकान में लगी आग

**भिलाई।** कार्यक्रम के कारण परिजनों बाहर गए हुए है। उनके मकान में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। सूचना पर तुरंत बीएसपी की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क 9 क्वाटर 14 ए, सेक्टर 7 निवासी हाजी कदीर अहमद खान परिवार के साथ बाहर थे। उनके कमरे में अचानक आग लग गई। धुंआ उठता देख मकान के ऊपर तले में रहने वाले उनके भाई ने आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर दमकल वाहन पहुंचा और आग को बुझाया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### समस्याओं से मिली राहत, गांव में खुशी की लहर

# सुशासन तिहार शिविर से गणेश खपरी की दिव्यांग महिला ढेला बाई हुईं लाभान्वित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप आम जनता के वास्तविक जरूरतों तथा उनके मांगों एवं समस्याओं से अवगत होकर उनका समयबद्ध तरीक से निराकरण सुनिश्चित कर राज्य में सुशासन को आम जनता के द्वार तक ले जाने के पूनीत उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार सही मायने में सुशासन के परिकल्पना को साकार कर रहा है। राज्य शासन के सुशासन तिहार के लोक कल्याणकारी एवं जनहितैषी पहल कई जरूरतमंद लोगों को तत्काल मदद पहुँचाकर उनके लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है।



जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गणेश खपरी निवासी 85 वर्षएंय दिव्यांग बुजुर्ग महिला ढेला बाई के लिए राज्य शासन द्वारा आयोजित यह सुशासन तिहार किसी फरिश्ता से कम साबित नही हुआ है। ढेला बाई ने बताया कि वर्तमान में उनका देख रेख करने वाले कोई नही होने के कारण वे अपने निकटतम परिजनों के पास निवास कर रही थी। लेकिन विगत कुछ दिनों से अपने परिजनों ने उन्हें अपने पास रखने के लिए मना कर दिया था। जिसके चलते वर्तमान में वे अपनी भांजी सुनीता बाई के पास निवास कर रही हैं। लेकिन इसके बावजूद उसके सामने दो जून की भोजन प्रबंध करने की विकट समस्या उत्पन्न हो गया था।

उन्होने बताया कि सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा राशन कार्ड हेतु आवेदन करने की सुविधा मिलने की जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने अपनी भांजी एवं परिजनों के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँचकर अपने लिए अलग से राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन जमा किया। इसके बाद अधिकारियों के द्वारा उनके आवेदनों के परीक्षण के उपरांत उनका नया राशन कार्ड बनाया गया। आज उन्हें अतिथियों के द्वारा ग्राम नाहंदा में आयोजित समाधान शिविर में नया राशन कार्ड प्रदान किया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से बहुत ही कम समय में नया राशन कार्ड मिलने से बुजुर्ग दिव्यांग महिला ढेला बाई बहुत ही अभिभूत नजर आ रही थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411